CRANBOURNE EAST
SECONDARY COLLEGE

10 मई 2024

प्रिय माता-पिता/अभिभावक/देखभालकर्ता

स्कूलों के लिए प्रत्येक विद्यार्थी और उसके परिवार के विवरण एकत्रित करना और उन्हें शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग (Department of Education & Training) के Cases21 सॉफ्टवेयर में एंटर करना आवश्यक है। शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के विद्यार्थी संसाधन पैकेज (Student Resource Package, SRP) से इक्विटी फंडिंग के लिए योग्यता प्राप्त करने हेतु स्कूल द्वारा एकत्रित जानकारी को सही ढंग से रिकॉर्ड किया जाना आवश्यक है। विक्टोरिया में शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग में सभी स्कूलों को मुख्यत: माता-पिता/अभिभावक/देखभालकर्ता द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार वित्त-पोषित किया जाता है, और यह जानकारी a) वर्तमान अभिभावक व्यवसाय और b) माता-पिता/अभिभावक/देखभालकर्ता द्वारा पूरी की गई शिक्षा के स्तर से संबंधित होती है। यह जानकारी पूर्णतः गोपनीय है और इसका उपयोग केवल समग्र डेटा एकत्र करने के लिए किया जाता है। किसी भी तरह से इस जानकारी पर इसके अपेक्षित उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए ग़ौर नहीं किया जाएगा या इसका उपयोग नहीं किया जाएगा।

2005 से, राष्ट्रीय तौर पर परिभाषित पृष्ठभूमि विशिष्ट जानकारी सभी ऑस्ट्रेलिया विद्यार्थियों के लिए एकत्रित की गई है, इनमें विक्टोरियाई सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी भी शामिल हैं। कृपया सभी अनुभागों की जांच करें और फॉर्म पर संशोधन करें। फिर विद्यार्थी जानकारी विवरण फॉर्म को जल्द से जल्द प्रासंगिक कक्षा में प्रशासनीय सहायक (Administration Assistant) को वापस किए जाना होगा।

विद्यार्थी जानकारी फॉर्म में यह आवश्यकता है कि सभी जानकारी अप-टु-डेट (नवीनतम) और सही हो:

कृपया Cranbourne East Secondary College में पढ़ाई करने वाले अपनी प्रत्येक संतान के लिए इसे भरें:

- स्वदेशी स्थिति
- विद्यार्थी की जन्म-तिथि
- लिंग
- जन्म का देश
- स्कूल में नामांकित अन्य भाई-बहन
- घर पर अंग्रेज़ी के अलावा बोली जाने वाली अन्य भाषा; विद्यार्थी और माता-पिता/अभिभावकों द्वारा
- माता-पिता/अभिभावक/देखभालकर्ता के रोज़गार विवरण
- माता-पिता/अभिभावक/देखभालकर्ता का व्यवसायिक समूह
- माता-पिता/अभिभावक/देखभालकर्ता की शिक्षा का स्तर
- माता-पिता/अभिभावक/देखभालकर्ता का संपर्क नम्बर - मोबाइल नम्बर, ई-मेल पता, रोज़गार का व्यापारिक नाम, रोज़गार फोन नम्बर
- आपातकालीन संपर्क (विक्टोरिया के निवासी)
- डॉक्टर - मेडिकल संपर्क विवरण

2016 से, विद्यार्थियों की ज़रूरतों का आकलन करने वाले मापन अभिभावकीय व्यवसाय और शिक्षा पर आधारित हैं ताकि SFOE (विद्यार्थी पारिवारिक व्यवसाय और शिक्षा, Student Family Occupation and Education) सूचकांक का निर्माण किया जा सके। यह परिवर्तन सुनिश्चित करता है कि इक्विटी फंडिंग का आवंटन सामाजिक रूप से वंचित छात्रों को अधिक सटीक रूप से लक्षित कर रहा है।

भवदीय

Mr Christian Woodcock
प्रिंसिपल

Mrs Zovinar Sharlassian
बिजनस मैनेजर

50 Stately Drive Cranbourne East 3977
PO Box 5436, Cranbourne East 3977
टेलीफोन: 5990 0200 ABN: 119 571 354 82
ई-मेल: Cranbourne.east.sc@education.vic.gov.au
वेबसाइट: cesc.vic.edu.au

CRANBOURNE EAST
SECONDARY COLLEGE

कृपया संलग्न सूची में से उचित अभिभावकीय व्यवसायिक समूह का चयन करें।

- यदि आप वर्तमान में वैतनिक काम नहीं कर रहे/ही हैं परन्तु पिछले 12 महीनों में आपके पास नौकरी थी या आप पिछले 12 महीनों में रिटायर हुए/हुई हैं, तो कृपया उस व्यवसाय कोड का प्रयोग करें जो उस समय के व्यवसाय के लिए सबसे उपयुक्त है जिसमें आप कार्यरत थे/थी।

## विद्यार्थी पारिवारिक व्यवसाय और शिक्षा सूचकांक

### अभिभावक व्यवसाय समूह

कृपया निम्नलिखित सूची में से उचित समूह का चयन करें।

**समूह (ग्रुप) N: 12 महीने से अधिक के लिए बेरोज़गार**

यदि आप वर्तमान में वैतनिक काम पर नहीं हैं पर पिछले 12 महीनों में आपके **पास नौकरी थी** , या आप पिछले 12 महीनों में रिटातर हुए/हुई हैं, तो कृपया **अपने अंतिम व्यवसाय** का प्रयोग सूची में से चयन करने के लिए करें। यदि आप पिछले 12 महीनों से वैतनिक काम पर नहीं हैं, तो नामांकन फॉर्म पर 'occupation code (व्यवसाय कोड' फील्ड पर **'N'** एंटर करें।

## व्यवसाय समूह (ग्रुप) A

## बड़े व्यावसायिक संगठनों, सरकारी प्रशासन और रक्षा (डिफेंस) में वरिष्ठ प्रबंधकीय वर्ग और योग्यता-प्राप्त पेशेवर

### बड़े व्यावसायिक संगठनों में वरिष्ठ प्रबंधकीय वर्ग

- उद्योग, वाणिज्य, मीडिया या किसी अन्य बड़े संगठन में वरिष्ठ कार्यकारी / प्रबंधक / विभाग प्रमुख
- बिजनस [उदाहरण के लिए, मुख्य कार्यकारी, प्रबंध निदेशक, कंपनी सचिव, वित्त निदेशक, मुख्य लेखाकार (चीफ अकाउंटेंट), कार्मिक/औद्योगिक संबंध प्रबंधक, अनुसंधान और विकास प्रबंधक]
- मीडिया [जैसे कि, समाचार पत्र संपादक, फिल्म/टेलीविजन/रेडियो/मंच निर्माता/निर्देशक/प्रबंधक]

### सरकारी प्रशासन

- लोक सेवा प्रबंधक (अनुभाग प्रमुख या इसके ऊपर) [जैसे कि, क्षेत्रीय निदेशक, अस्पताल/स्वास्थ्य सेवाएं/नर्स प्रशासक, स्कूल प्रिंसिपल, संकाय प्रमुख/डीन, पुस्तकालय/संग्रहालय/गैलरी निदेशक, अनुसंधान/सुविधा प्रबंधक, पुलिस/अग्निशमन सेवा प्रशासक]
- रक्षा बल की ओर से नियुक्त अधिकारी

**योग्यता-प्राप्त पेशेवर** – इनके पास सामान्यत: डिग्री या उच्च योग्यताएँ होती हैं और पेचीदा प्रणालियों को डिज़ाइन, विकसित या संचालित करने के लिए, समस्याओं की पहचान करने, इनका समाधान करने और इनपर सलाह देने के लिए, और दूसरों को सीखाने के लिए इस ज्ञान को लागू करने का अनुभव होता है: *स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून, सामाजिक कल्याण, इंजीनियरिंग, विज्ञान, कंप्यूटिंग* पेशेवर, बिजनस, वायु/समुद्री परिवहन

- **स्वास्थ्य** [जैसे कि, जी.पी. या स्पेशलिस्ट, पंजीकृत नर्स, डेन्टिस्ट, फार्मासिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, काइरोप्रैक्टर, पशु चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, थेरेपी पेशेवर, रेडियोग्राफर, पोडियाट्रिस्ट, आहार विशेषज्ञ]
- **शिक्षा** [जैसे कि, स्कूल टीचर, युनिवर्सिटी लेक्चरर, VET/स्पेशल एजुकेशन/ESL/प्राइवेट टीचर, शिक्षा अधिकारी]
- **कानून** [जैसे, न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, बैरिस्टर, कोरोनर, सॉलिसिटर, वकील]
- **सामाजिक कल्याण** [जैसे कि, सामाजिक/कल्याण/समुदाय कार्यकर्ता, परामर्शदाता, धर्म मंत्री, अर्थशास्त्री, शहरी/क्षेत्रीय योजनाकार, समाजशास्त्री, पुस्तकालयाध्यक्ष, अभिलेख प्रबंधक, पुरालेखपाल, दुभाषिया/अनुवादक]
- **इंजीनियरिंग** [जैसे कि, वास्तुकार, सर्वेक्षक, केमिकल/सिविल/इलेक्ट्रिकल/मकेनिकल/माइनिंग/अन्य इंजीनियर]
- **विज्ञान** [जैसे कि, वैज्ञानिक, भूविज्ञानी, मौसम विज्ञानी, धातुविज्ञानी]
- **कंप्यूटिंग** [जैसे कि, आई.टी. सर्विसिज़ मैनेजर, कंप्यूटर सिस्टम्स डिज़ाइनकर/एडमिनिस्ट्रेटर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम्स/एप्लीकेशन्स प्रोग्रामर]
- **बिजनस** [जैसे कि., प्रबंधन सलाहकार, व्यवसाय विश्लेषक, लेखाकार, लेखा परीक्षक, नीति विश्लेषक, एक्चुअरी, मूल्यांकक]

- **वायु/समुद्री परिवहन** [जैसे कि, विमान पायलट, उड़ान अधिकारी, उड़ान प्रशिक्षक, हवाई यातायात नियंत्रक, समुद्री जहाज का कप्तान/अधिकारी/पायलट]

CRANBOURNE EAST
SECONDARY COLLEGE

**व्यवसाय समूह (ग्रुप) B**

## अन्य व्यवसाय मालिक/प्रबंधक, कला/मीडिया/खिलाड़ी और सहयोगी पेशेवर

### व्यापार के मालिक / प्रबंधक

- **फॉर्म/व्यापार के मालिक/मैनेजर** [जैसे कि, फसल और/या पशुधन किसान/फार्म मैनेजर, स्टॉक और स्टेशन एजेंट, भवन/निर्माण, विनिर्माण, खनन, थोक, आयात/निर्यात, परिवहन व्यवसाय प्रबंधक, रियल एस्टेट व्यवसाय]
- **स्पेशलिस्ट मैनेजर** [जैसे कि, वर्क्स मैनेजर, इंजीनियरिंग मैनेजर, सेल्क/मार्केटिंग मैनेजर, क्रय मैनेजर, सप्लाई/शिपिंग मैनेजर, ग्राहक सेवा प्रबंधक, प्रापर्टी मैनेजर, कार्मिक, औद्योगिक संबंध]
- **आर्थिक सेवाएँ प्रबंधक** [जैसे कि, बैंक ब्रांच मैनेजर, वित्त/निवेश/बीमा ब्रोकर, क्रेडिट/ऋण अधिकारी]
- **खुदरा बिक्री/सेवाएँ प्रबंधक** [जैसे कि, दुकान, डाकघर, रेस्तरां, रियल एस्टेट एजेंसी, ट्रैवल एजेंसी, सट्टेबाजी एजेंसी, पेट्रोल स्टेशन, होटल/मोटल/कैरावेन पार्क, स्पोर्ट्स सेंटर, थिएटर/सिनेमा, गैलरी, कार रेंटल, कार फ्लीट, रेलवे स्टेशन]

### कला / मीडिया / खिलाड़ी

- **कलाकार/लेखक** [जैसे कि, संपादक, पत्रकार, लेखक, मीडिया प्रस्तुतकर्ता, फोटोग्राफर, डिजाइनर, चित्रकार, संगीतकार, अभिनेता, नर्तक, चित्रकार, कुम्हार, मूर्तिकार]
- **खेलकूद** [जैसे कि, खिलाड़ी, कोच, ट्रेनर, खेल अधिकारी]

**सहयोगी पेशेवर** – सामान्यत: इनके पास डिप्लोमा / तकनीकी योग्यताएँ होती हैं और ये प्रबंधकों और पेशेवरों को सहायता प्रदान करते हैं: *स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून, समाज कल्याण, इंजीनियरिंग, विज्ञान, कंप्यूटिंग तकनीशियन / बिजनस/ प्रशासन*

- चिकित्सा, विज्ञान, भवन, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर तकनीशियन/सहयोगी पेशेवर
- स्वास्थ्य/सामाजिक कल्याण [जैसे कि, नामांकित नर्स, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पैरामेडिक/एम्बुलेंस अधिकारी, मसाज थेरेपिस्ट, कल्याण/पैरोल अधिकारी, युवा कार्यकर्ता, डेंटल हाइजिनिस्ट/तकनीशियन]
- कानून [जैसे कि, पुलिस अधिकारी, सरकारी निरीक्षक, परीक्षक या मूल्यांकनकर्ता, व्यावसायिक/पर्यावरण स्वास्थ्य अधिकारी, सुरक्षा सलाहकार, निजी, कानून क्लर्क, न्यायालय अधिकारी, बेलिफ]
- बिजनस/प्रशासन [जैसे कि, भर्ती/रोजगार/औद्योगिक संबंध/प्रशिक्षण अधिकारी, विपणन/विज्ञापन विशेषज्ञ, बाजार अनुसंधान विश्लेषक, तकनीकी बिक्री प्रतिनिधि, खुदरा खरीदार, कार्यालय/व्यवसाय प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक/प्रशासक, अन्य प्रबंध सुपरवाइज़र]
- रक्षा बल [जैसे कि, वरिष्ठ गैर-नियुक्त अधिकारी]
- अन्य [जैसे कि, पुस्तकालय तकनीशियन, संग्रहालय/गैलरी तकनीशियन, अनुसंधान सहायक, प्रूफ़रीडर]

CRANBOURNE EAST
SECONDARY COLLEGE

**व्यवसाय समूह (ग्रुप) C**

## ट्रेडसमेन/वूमैन, क्लर्क, कुशल कार्यालय, बिक्री और सेवा कर्मचारी

**ट्रेडसमेन/वूमैन** ने सामान्यत: 4-वर्ष का ट्रेड सर्टिफिकेट पूरा किया होता है, आम-तौर पर अप्रैन्टसशिप के द्वारा। इस समूह में सभी ट्रेड्समेन/वूमैंस को शामिल किया जाता है।

### ट्रेडसमेन/वूमैन

- **ट्रेड्स** [जैसे कि, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, वेल्डर, कैबिनेट मेकर, बढ़ई (कार्पेंटर), जॉइनर, प्लास्टर, टाइलर, स्टोनमेसन, पेंटर डेकोरेटर, बुचर (कसाई), पेस्ट्री कुक, पैनल बीटर, फिटर, टूलमेकर, एयरक्राफ्ट इंजीनियर]

### क्लर्क, कुशल कार्यालय, बिक्री और सेवा कर्मचारी

- **क्लर्क** [जैसे कि, बुककीपर, बैंक क्लर्क, पीओ क्लर्क, सांख्यिकी/बीमांकिक क्लर्क, खाता/दावा/ऑडिट/पेरोल क्लर्क, कार्मिक रिकॉर्ड क्लर्क, रजिस्ट्री/फाइलिंग क्लर्क, सट्टेबाजी क्लर्क, उत्पादन रिकॉर्डिंग क्लर्क, स्टोर/इन्वेंट्री क्लर्क, क्रय/ऑर्डर क्लर्क, माल/परिवहन/शिपिंग क्लर्क/प्रेषक, बांड क्लर्क, सीमा शुल्क एजेंट/क्लर्क, ग्राहक पूछताछ/शिकायत/सेवा क्लर्क, अस्पताल प्रवेश क्लर्क]
- **कार्यालय** [जैसे कि, सेक्रेटरी, निजी सहायक, डेस्कटॉप प्रकाशन ऑपरेटर, स्विचबोर्ड ऑपरेटर]
- **सेल्स (बिक्री)** [जैसे कि, कंपनी बिक्री प्रतिनिधि (माल और सेवाएं), नीलामीकर्ता, बीमा एजेंट/मूल्यांकनकर्ता/हानि समायोजक, बाजार शोधकर्ता]
- **देखभालकर्ता** [जैसे कि, एज्ड(वयोवृद्ध)/विकलाँग/शरणार्थी देखभाल कर्मी, चाइल्डकेयर सहायक, नैनी]
- **सर्विस (सेवा)** [जैसे कि, मीटर रीडर, पार्किंग इंस्पेक्टर, डाक वितरण कर्मी, ट्रैवल एजेंट, टूर गाइड, फ्लाइट अटेंडेंट, फिटनेस प्रशिक्षक, कैसीनो डीलर/गेमिंग टेबल सुपरवाइजर]

**व्यवसाय समूह (ग्रुप) D**

## मशीन ऑपरेटर, हॉस्पिटेलिटी कर्मचारी, कार्यालय सहायक, श्रमिक और संबंधित कर्मचारी

### ड्राइवर, मोबाइल प्लांट, उत्पादन/प्रसंस्करण मशीनरी और अन्य मशीनरी ऑपरेटर

- **ड्राइवर या मोबाइल प्लांट ऑपरेटर** [जैसे कि, कार, टैक्सी, ट्रक, बस, ट्राम या ट्रेन चालक, कूरियर/डिलीवर, फोर्कलिफ्ट ड्राइवर, स्ट्रीट स्वीपर ड्राइवर, कचरा इकट्ठा करने वाला, बुलडोजर/लोडर/ग्रेडर/खुदाई करने वाला ऑपरेटर, खेत/बागवानी/वानिकी मशीनरी ऑपरेटर]
- **उत्पादन/प्रंसस्करण मशीन ऑपरेटर** [जैसे कि, इंजीनियरिंग, रसायन, पेट्रोलियम, गैस, पानी, सीवरेज, सीमेंट, प्लास्टिक, रबर, कपड़ा, जूते, लकड़ी/कागज, कांच, मिट्टी, पत्थर, कंक्रीट, उत्पादन/प्रसंस्करण मशीन ऑपरेटर]
- **मशीनरी ऑपरेटर** [जैसे कि, फोटोग्राफिक डेवलपर/प्रिंटर, औद्योगिक स्प्रे पेंटर, बॉयलर/एयर-कंडीशनिंग/रेफ्रिजरेशन प्लांट, रेलवे सिग्नल/पॉइंटस, क्रेन/होइस्ट/लिफ्ट, थोक सामग्री हैंडलिंग मशीनरी]

### हॉस्पिटेलिटी, कार्यालय कर्मचारी

- **बिक्री (सेल्स) कर्मचारी** [जैसे कि, सेल्स सहायक, मोटर वाहन/कैरावेन/पार्ट्स विक्रेता, चेकआउट ऑपरेटर, कैशियर, बस/ट्रेन कंडक्टर, टिकट विक्रेता, सर्विस स्टेशन अटेंडेंट, कार रेंटल डेस्क स्टाफ, स्ट्रीट वेंडर, टेलीमार्केटर, सेल्स प्रदर्शक, शेल्फ स्टैकर]
- **कार्यालय कर्मचारी** [जैसे कि,टाइपिस्ट, वर्ड प्रोसेसिंग/डेटा एंट्री/बिजनेस मशीन ऑपरेटर, रिसेप्शनिस्ट]
- **हॉस्पिटेलिटी कर्मचारी** [जैसे कि, होटल सर्विस सुपरवाइज़र, रिसेप्शनिस्ट, वेटर, बार अटेंडेंट, रसोईया, फास्ट फूड कुक, अशर, कुली, हाउसकीपर]
- **सहायक/सहयोगी** [जैसे कि, ट्रेड सहायक, स्कूल/शिक्षक सहायक, डेंटल सहायक, पशु चिकित्सा नर्स, नर्सिंग सहायक, संग्रहालय/गैलरी अटेंडेंट, घरेलू कार्य सहायक, सैलून सहायक, पशु अटेंडेंट]

### श्रमिक और संबंधित कर्मचारी

- **रक्षा बल** [अन्य रैंक (वरिष्ठ NCOके नीचे) जिनके पास ट्रेड योग्यता न हो और जिन्हें उपरोक्त वर्ग में शामिल नहीं किया गया हो]
- **कृषि, बागवानी, वानिकी, फिशिंग (मत्स्य पालन), खनन श्रमिक** [जैसे कि, फार्म ओवरसियर, ऊन काटने वाला, ऊन/चमड़ा वर्गीकृत करने वाला, फार्म मजदूर, घोड़ा प्रशिक्षक, नर्सरीमैन, ग्रीनकीपर, माली, ट्री सर्जन, वानिकी/लॉगिंग कार्यकर्ता, खनिक, नाविक/फिशिंग सहायक]
- **अन्य कर्मी** [जैसे कि, मजदूर, फैक्ट्री कर्मचारी, स्टोरमैन, गार्ड, सफाईकर्मी, केयरटेकर, कपड़े धोने वाले (लांड्री) कर्मचारी, ट्रॉली कलेक्टर, कार पार्क अटेंडेंट, क्रॉसिंग सुपरवाइजर]